A JOINT VENTURE OF DIET AND SSK, PALAKKAD

SAMAGRA SHIKSHA ABHIYAN

QUALITY EDUCATION FOR ALL

# INTERBELL

INTERVENTION BASED ON EFFECTIVE LIESURE LEARNING

**SSLC 2022 QUESTION POOL AND MODEL QUESTION PAPERS**

# HINDI


**SUPPORTNG MATERIAL PREPARED BY:**

ANUPAMA M ,HST HINDI, GHS KODUVAYUR
ARUNDAS.R, HST HINDI , GHS PATTANCHERY
CHITRA KUMARAPPAN, HST HINDI, PMGHSS PALAKKAD
JOLLY JOSEPH, HST HINDI, PULIYAPARAMB HSS
ANITHA K, HST HINDI, MNKMGHSS PULAPPATTA
GEETHA P, HST HINDI, GHS KODUVAYUR
SOBHA M, HST HINDI GVHSS MALAMPUZHA
RAJEEV T, HST HINDI GVHSS KOPPAM
NISHA V,HST HINDI GMMGHS PALAKKAD
P.UNNIKRISHNAN,HST HINDI CAHS KOZHALMANNAM
SHAJITHA K M,HST HINDI GAPHS ELAPPULLY



**SPECIAL THANKS**

**A P SASINDRAN SIR**
Rtd HST(SRG 2003-2019), THRISSSUR

**CO-ORDINATION** Dr. SHAHEEDALI M,SENIOR LECTURER,DIET
Dr.RAJAGOPALAN T P,LECTURER,DIET ANAKKARA


DIET PALAKKAD

# बीरबहूटी

**खंड 1** **अंक 1**

1. ' बीरबहूटी' किस विधा की रचना है ?

( कविता , जीवनी , कहानी, टिप्पणी )

2. ' बीरबहूटी' कहानी के मुख्य पात्र कौन- कौन हैं?

गंगी और जोखू चार्ली चैप्लिन और माँ

गुठली और बुआ बेला और साहिल

3. बीरबहूटी का रंग क्या है ?

( लाल, नीला, हरा, पीला )

4. बेला और साहिल क्यों दुकान गए ?

किताबें खरीदने के लिए पैन में स्याही भरवाने के लिए

मिठाई खरीदने के लिए पेंसिल खरीदने के लिए

5. तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड दिखाना। ' तुम्हारा' में निहित सर्वनाम कौन - सा है?

( तुम , मैं , आप , यह)

6. ' लाल बीरबहूटी' - इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है ?

( लाल , बीरबहूटी)

7. उचित परसर्ग जोड़कर वाक्य का पुनर्लेखन करें -

ग्यारह साल - - - - - लड़का जा रहा था ।

( के, की, का, को)

8. ' लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही बची थी उसे भी जमीन पर छिड़क दिया' । किसने पैन की स्याही ज़मीन पर छिड़क दी?

( साहिल ने, दुकानदार ने, बेला ने , माटसाब ने)

**खंड 2** **अंक- 2/ 3**

10. बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए - इसका मतलब क्या है ?

11. बेला जब साहिल के पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई । क्यों?

12. बेला साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी । क्यों?

DIET PALAKKAD

13. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें-

( नीली , दुकान से , साहिल को)

भरवानी है।

स्याही भरवानी है।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . ।

14. सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| फुलेरा का स्कूल | राजकीय कन्या पाठशाला में |
| साहिल पढ़ेगा | पाँचवीं कक्षा तक |
| बेला पढ़ेगी | अजमेर में |

15. ' बीरबहूटी' कहानी के आधार पर तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें-

क) बेला और साहिल बारिश के मौसम में बीरबहूटी ढूँढ़ते हैं।

ख) बेला और साहिल फुलेरा के स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ेंगे।

ग) बीरबहूटियों का रंग काला है।

घ) बेला आगे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ेगी।

ङ) माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।

DIET PALAKKAD

**खंड 3** **अंक- 4/ 5**

16. ' पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया ।नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे' ।इस अवसर पर बेला, साहिल और दुकानदार के बीच हुई **बातचीत** को कल्पना करके लिखें-

17 . ' यह बारिशों से पहले की बारिश का एक दिन था' ।कहानी के प्रसंग में यह कैसे सार्थक होता है ?

18. ' बेला का मन बहुत खराब हो गया । माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं ' । बेला की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखें -

19. **सही मिलान करें** -

| | |
|---|---|
| साहिल की आँखें | चलती फिरती खून की प्यारी- प्यारी बूँदें |
| चलती बीरबहूटियाँ | बीरबहूटी की तरह लाल |
| साहिल के आँसू | बीरबहूटी का रंग |
| साहिल की चोट | बारिश की बूँदें |

20. साहिल को सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने के लिए ले जाया गया । उसने देखा कि दो लोगों को छोड़कर आगे बेला खड़ी है । इस संदर्भ में साहिल और बेला के बीच का संभावित **वार्तालाप** कल्पना करके लिखें -

21. मान लें, साहिल अपने नए स्कूल के अनुभव के बारे में बेला को पत्र लिखता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें -

22. पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया । दोनों छठी में आ गए। स्कूल पाँचवी तक का था । कहानी के प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें-

23. मान लें, आपके स्कूल में हिंदी मंच द्वारा ' बीरबहूटी' कहानी का मंचीकरण होने वाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें -

24. ' वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर बल्कि कहना चाहिए बिल्कुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते हैं। इस संदर्भ के आधार पर साहिल और बेला के बीच का संभावित **वार्तालाप** तैयार करें-

DIET PALAKKAD

* * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * *

# टूटा पहिया

**खंड** **1 अंक**

1 ' टूटा पहिया' कविता में ' मैं ' का प्रयोग किसके लिए किया है?

2 ' टूटा पहिया' किसकी कविता है?

3 ' लेकिन मुझे फेंको मत' - ऐसा कौन कहता है?

( रथ, टूटा पहिया, महारथी, अभिमन्यु)

4 चक्रव्यूह कैसा है?

( निर्मल, महान, छोटा, दुरूह)

5 अभिमन्यु ने किसको चुनौती दी थी?

( रथ को, अक्षौहिणी सेनाओं को, जनता को, पहिए को)

6 ' टूटा पहिया' - इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है?

7 अभिमन्यु किसका प्रतीक है?

( समस्या, अधर्म के विरोधी, लघुमानव, शोषक)

8 इनमें से अभिमन्यु का स्वभाव चुनकर लिखिए?

( भयभीत, साहसी, भीरु )

9. ' पहिया' शब्द का समानार्थी शब्द चुनकर लिखिए?

( टूटा, चक्र, व्यूह, दुरूह)

10. ' झूठ ' शब्द का समानार्थी शब्द क्या है?

( सत्य, असत्य, धर्म, अधर्म )

11. महारथियों का पक्ष किसका है?

( असत्य का, प्रेम का, सत्य का, अधर्म का)

12. किसका पक्ष असत्य का है?

अकेली आवाज़ का निहत्थी आवाज़ का

बड़े- बड़े महारथी का ब्रह्मास्त्र का

13. ब्रह्मास्त्र से लोहा लेने में किसने अभिमन्यु की मदद की ?

( अकेली आवाज़, महारथी, टूटा पहिया, तलवार )

**खंड** **2 अंक**

14 अभिमन्यु को क्यों दुस्साहसी कहा गया है?

DIET PALAKKAD

15. सही मिलान करें- 4

| | |
|---|---|
| रथ | अत्याचारी शोषक |
| टूटा पहिया | जीवन |
| चक्रव्यूह | साधारण जन |
| अक्षौहिणी सेना | लघुमानव |
| अभिमन्यु | जीवन की विषमताएँ |

**निम्नलिखित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें-**

मैं
रथ का टूटा पहिया
लेकिन मुझे फेंको मत
क्या जाने ;कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए

17. उपर्युक्त पंक्तियों की प्रासंगिकता पर **टिप्पणी** लिखें - 4

18. समान आशयवाली पंक्तियाँ लिखिए- 2

दुरूह चक्रव्यूह में अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ कोई साहसी अभिमन्यु आकर कब घिर जाएगा यह कोई नहीं जानता।

**निम्नलिखित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें-**

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े- बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहे
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

18. कवि और कविता का परिचय देते हुए कविता का **आशय** लिखें 4

***********************************************

DIET PALAKKAD

# आई एम कलाम के बहाने

**खंड 1** **अंक 1**

1 ' अई एम कलाम के बहाने' - किस विधा की रचना है ?

( कहानी, फ़िल्मी लेख, निबंध , कविता)

2 मास्टर तिवारी जी क्या सिखाते थे ?

( गणित, विज्ञान, अंग्रेज़ी, हिंदी)

3 तिवारी जी ने किस शब्द का हिज्जा पूछा ?

( लुक, बुक, कप, टुक)

4 मिहिर और मोरपाल क्लास में क्यों पास- पास बैठते थे ?

खाने की अदला- बदली करने से    नाम का पहला अक्षर एक होने से

गाँव में रहने से    घर पास - पास होने से

5 मोरपाल खाने के लिए क्या लाता था ?

( भात, राजमा- चावल, छाछ, पनीर )

6 कौन स्कूल जाना पसंद नहीं करता था ?

( मिहिर, मोरपाल, कलाम, छोटू)

7 छुट्टी के दिनों में मोरपाल क्या करता था ?

( खेलता था, बाज़ार जाता था, मेहनत और मजूरी करता था, नाचता था)

8 मोरपाल को यूनिफॉर्म में कहाँ देखकर मिहिर हैरान रह गया ?

( किसी शादी में, घर में, बाज़ार में , स्कूल में)

9 मिहिर के लिए स्कूल में बिताया समय कैसा था ?

( खराब, अच्छा, यादगार, मज़ेदार)

10 मोरपाल का परिवार कैसा था ?

( अमीर, गरीब, साधारण, सामान्य )

11. ' आई एम कलाम' फ़िल्म के निदेशक कौन हैं ?

( मिहिर पांडेय , नील माघव पांडा , गुलशन ग्रोवर, वरुण ग्रोवर )

12. ' आई एम कलाम' फ़िल्म देखते हुए मिहिर को किसकी याद आई ?

( अपना बचपन , कहानी, कविता, राजमा )

DIET PALAKKAD

13. ' आई एम कलाम' फ़िल्म का नायक कौन है ?

( अमिताभ, कलाम , रणविजय, मिहिर )

14. रणविजय कौन है ?

मिहिर का सहपाठी, ढाणी के राणा का बेटा

भाटी- सा का बेटा कलाम का भाई

15. रणविजय किससे डरता है ?

( ऊँट, परीक्षा, स्कूल, हाथी)

16. कलाम कहाँ काम करता है ?

( खेत में, सब्जी की दुकान में , चाय की दुकान में, महल में )

17. मोरपाल की पढ़ाई कब छूट जाती है ?

( पाँचवीं के बाद, छठी के बाद, आठवीं के बाद)

18. स्कूल के बाद मोरपाल क्या काम करता है ?

( दुकान चलाता है, खेत- मजूरी करता है, गाड़ी चलाता है)

19. ' आई एम कलाम' फ़िल्म का नायक कलाम बड़ा होकर कौन बनना चाहता है ?

( फ़िल्म निदेशक , राष्ट्रपति कलाम- सा , अमिताभ- सा )

20. कलाम का सपना क्या है ?

( स्कूल जाना, दिल्ली जाना, घुड़सवारी करना)

21. भाटी सा छोटू की किस कलाकारी की प्रशंसा करता है ?

( पेड़ पर चढ़ना, चाय बनाने की कला, ऊँट की चिकित्सा)

22. विदेश से आई महिला पर्यटक( टूरिस्ट) का नाम क्या है?

( सोनी मैडम, राणी मैडम, लूसी मैडम)

23. रणविजय स्कूल में किस प्रतियोगिता में भाग लेता है ?

( चित्र कला, भाषण, लेखन, कविता लेखन)

24. भाषण देने में रणविजय की परेशानी का कारण क्या है ?

( वह संकोची है, उसकी हिंदी अच्छी नहीं, उसकी अंग्रेज़ी अच्छी नहीं )

25. लूसी मैडम कलाम को क्या वादा करती है ?

( लंदन ले जाने की, गाँव ले जाने की, दिल्ली ले जाने की)

26. छोटू दिल्ली में किससे मिलना चाहता है ?

( प्रधानमंत्री से, मुख्यमंत्री से, राष्ट्रपति से )

DIET PALAKKAD

27. छोटू( कलाम)  की मंजिल क्या है ?

( स्कूल जाना,  नए घर में रहना,  टी वी देखना)

**खंड 2** **अंक 2**

28. मिहिर के खाने के डिब्बे में राजमा- चावल देखते ही मोरपाल की बाँछें खिल जाती थीं । क्यों ?

29. फ़िल्म के कलाम की कहानी और लेखक के बचपन की कहानी में क्या फर्क है ?

30. फ़िल्म के नायक कलाम का सपना क्या था ?

31. खाने की अदला- बदली माने क्या है ?

32. छोटू, लूसी मैडम का दिल कैसे जीत लेता है ?

33. चोरी का आरोप कलाम क्यों सह लेता है ?

34. पिरमिड की पूर्ति करें ।

( गाँव से,       रोज़ )

स्कूल आता था ।

साइकिल चलाता स्कूल आता था ।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

**खंड 3** **अंक 3**

35. ( स्कूली, शादी में ,  यूनीफॉर्म में)

मैं हैरान रह गया ।

उसे देखकर मैं हैरान रह गया ।

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... 

... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ....

36. हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का । इस तरह की अदला- बदली  से हम क्या समझ सकते हैं ?

DIET PALAKKAD

37. रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता। ऐसा क्यों कहा गया है?

38. ' बाकी निन्यानवे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में है ।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

**खंड 4** **अंक 4**

39. मिहिर और मोरपाल स्कूली दोस्त थे। उनकी दोस्ती पर **टिप्पणी** लिखें।

40. कलाम तय करता है कि अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। अपनी **चिट्ठी** में कलाम ने क्या - क्या बातें लिखी होंगी ? कल्पना करके लिखें।

41. अंत में कलाम का सपना साकार हो जाता है । कलाम की उस दिन की **डायरी** तैयार करें।

42. सही मिलान करें -

| | |
|---|---|
| हमनाम | समान उम्रवाला |
| हमसफ़र | सहानुभूति |
| हमदर्दी | समान नामवाला |
| हमउम्र | एक ही देशवाला |
| हमवतन | एक साथ सफ़र करनेवाला |

43. मान लें ,हमारे स्कूल में ' आई एम कलाम' फ़िल्म का प्रदर्शन होने वाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

*************************************************************

DIET PALAKKAD

# सबसे बड़ा शो मैन

**खंड 1** **अंक 1**

1. " सबसे बड़ा शो मैन " किस विधा की रचना है?

( लेख, जीवनी, कविता, उपन्यास)

2. " सबसे बड़ा शो मैन " किसकी रचना है?

( प्रभात, मिहिर, गीत चतुर्वेदी, प्रेमचंद)

3. " सबसे बड़ा शो मैन " किसकी जीवनी है?

गीत चतुर्वेदी की | चार्ली चैप्लिन की
मोहन राकेश की | प्रेमचंद की

4. गाते- गाते किसकी आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई ?

( चार्ली की, माँ की, मैनेजर की, बेला की)

5. अपनी आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील होने से चार्ली की माँ ने क्या किया?

( स्टेज से हटी, रोने लगी, कोने पर बैठी, घर वापस गई)

6. " शोर " शब्द का समानार्थी शब्द है?

( संगीत, कोलाहल, गीत, मीठा)

7. " आवाज़ " के बदले " स्वर " का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

माँ की <u>आवाज़</u> फुसफुसाहट में बदल गई ।

8. लड़के ………………… ।

( चिल्लाना लगे, चिल्लाने लगे, चिल्लाने लगा, चिल्लाने लगी )

9. " बहस होना " शब्द का मतलब क्या है?

( बदल होना, अनुकरण करना, वाद विवाद करना)

10. " उसके " में निहित सर्वनाम कौन सा है?

( वह, यह, वे, ये )

11. " अनुकरण करना " के अर्थ में प्रयुक्त प्रयोग चुनकर लिखें:

( नकल उतारना, बातचीत करना, फैला देना)

12. लोगों ने माँ से हाथ क्यों मिलाया?

माँ का गाना अच्छा था | माँ को ज्यादा पैसा मिला था
चार्ली की मासूमियत से प्रभावित थे | मैनेजर के कहने पर

DIET PALAKKAD

13. चार्ली से संबंधित सही प्रस्ताव कौन सा है?

( दर्शकों से बातचीत नहीं की,  कई गायकों की नकल उतारी,  नृत्य नहीं किया)

14. “ तारीफ करना ”-  इसका अर्थ क्या है?

( निंदा करना, प्रशंसा करना,  स्वागत करना)

15.  मैनेजर ने पोटली किसके हवाले की ?

( चार्ली के, माँ के, दर्शकों के,  आर्केस्ट्रावालों के)

16. चार्ली के व्यवहार में कौन- सा भाव था?

(  दुख, मासूमियत, क्रोध, लज्जा )

17. नमूने के अनुसार लिखें:

माँ  गाती है ।                    माँ  गाने लगी ।

चार्ली  गाता है  ।                  ……………………. ।

18. " तब्दील होना" - इसका  मतलब क्या है ?

(  प्रसन्न होना,  बदल जाना,    खुश होना,     धक्का देना)

19. किसको माँ  अक्सर अपने साथ थिएटर ले जाती थी ?

20. चार्ली कहाँ खड़ा था?

21.  मैनेजर ने किसको दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था?

22.  मैनेजर चार्ली को कहाँ छोड़ आया?

23. स्टेज पर चार्ली ने कौन- सा गीत गाया?

24.   "मैं " के स्थान पर “ हम ” का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें ।

मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा ।

25. “ मैनेजर " के स्थान पर “ माँ” का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें:

मैनेजर  एक रुमाल लेकर आया ।

26.  दुनिया के सबसे बड़े शो  मैन का यह पहला शो था -  यहाँ वर्णित "  सबसे बड़ा शो मैन "  कौन है ?

27. " मशहूर गीत ’ में विशेषण शब्द कौन- सा है?

**खंड 2** **अंक 2**

28. ’ लोग चिल्लाने लगे’  । क्यों?

29.  मैनेजर की ज़िद सुनकर माँ क्यों डर गई?

DIET PALAKKAD

30. पिरमिड की पूर्ति करें :

( अपने साथ, अक्सर)

चार्ली को ले जाती थी।

चार्ली को थिएटर ले जाती थी ।

……………………………………………………. . .

…………………………………………………………………….

31. पिरमिड की पूर्ति करें :

( स्टेज पर, अंततः)

वह ले गया ।

वह चार्ली को ले गया ।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

32. पिरमिड की पूर्ति करें :

( बच्चे की, छोटे)

लोगों ने तारीफ की

कई लोगों ने तारीफ की

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**खंड** **अंक 3**

33. इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया - माँ की हालत कैसी रही होगी?

34 . मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा । क्यों?

35. ' पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा' ।ऐसा किसने सोचा? वह क्यों परेशान हुई होगी?

36. लोगों का कोलाहल देखकर मैनेजर ने क्या किया?

37. पाँच साल का चार्ली स्टेज पर अकेला था।उस समय चार्ली ने क्या सोचा होगा?

38. चार्ली ने बीच में गाना क्यों रोक दिया?

39. चार्ली को क्यों स्टेज पर जाना पड़ा?

40. ' इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया' - किस बात ने और क्यों ?

DIET PALAKKAD

41. चार्ली ने स्टेज पर क्या- क्या किए ?

42. चार्ली के शो के बाद लोगों ने चार्ली की माँ के साथ कैसा व्यवहार किया?

43. "उसने जन्म ले लिया था" - इसका मतलब क्या है?

**खंड** **अंक 4 / 5**

44. माँ और मैनेजर के बीच हुए **वार्तालाप** को कल्पना करके लिखें -

45. चार्ली के पहले शो के बारे में माँ ने अपनी डायरी में लिखा। उसकी **डायरी** कल्पना करके लिखें:

46. चार्ली के पहले शो का वर्णन करते हुए माँ ने अपनी सहेली के नाम पत्र लिखा। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें-

47. मान लें, ' शो मैन का पहला शो' शीर्षक पर अखबारों में समाचार आया। वह **समाचार** कल्पना करके लिखें:

48. चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी। मान लें, इस घटना को चार्ली ने अपनी डायरी में लिखा। उसकी **डायरी** कल्पना करके लिखें :

49. मान लें, आपके स्कूल में चार्ली चैप्लिन के फिल्मों का प्रदर्शन होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें:

50. सही मिलान करें:

| | |
|---|---|
| माँ की आवाज़ | पर्दे के पीछे खड़ा था |
| लोगों को लगा कि माइक में | बहस हुई |
| चार्ली | फट गई |
| माँ और मैनेजर में | पैसों की बौछार हुई |
| स्टेज पर | खराबी आ गई है |

***********************************************

DIET PALAKKAD

# अकाल और उसके बाद

**खंड** **अंक 1**

1. अकाल के दिनों में कौन रोया ?

( चूल्हा , चक्की , कानी कुतिया, चूहा )

2. अकाल में कौन उदास रही ?

( चूल्हा , चक्की , चूहा, कौआ)

3. कानी कुतिया कहाँ सोई हुई थी ?

( घर के अंदर, चूल्हा और चक्की के पास, आँगन में)

4. ' अकाल और उसके बाद' कविता की पहली चार पंक्तियों में किसका चित्रण है?

( अकाल, हरियाली, अमीरी, खुशहाली)

5. छिपकलियाँ भीत पर क्या कर रही थीं ?

( गश्त लगा रही थीं, सो रही थीं, खा रही थीं )

6. ' दीवार' अर्थवाला शब्द कौन- सा है ?

( आँगन, भीत, शिकस्त, गश्त)

7. कई दिनों के बाद घर के आँगन से ऊपर क्या उठा ?

( कौआ, धुआँ, पक्षी, अकाल)

8. . कई दिनों के बाद घर के अंदर क्या आया ?

( दाना, कौआ, धुआँ, पतंग)

9. कई दिनों के बाद कौए ने क्या किया ?

( चिल्लाई, उड़ने लगी, पाँखें खुजलाईं, )

10. ' आँखें चमक उठीं ' - का तात्पर्य है ?

( घर के सभी बीमार हो गए , घर के सभी दुखी हो गए, घर के सभी संतुष्ट हो गए)

**खंड 2** **अंक 2**

12. चूल्हा क्यों रो रहा था ?

13. चक्की क्यों उदास रही थी ?

14. छिपकलियाँ भीत पर क्यों गश्त कर रही थीं ?

15. चूहों की हालत क्यों शिकस्त रहीं ?

DIET PALAKKAD

16. ' धुआँ उठा आँगन से ऊपर ' इसका मतलब क्या है ?

17. ' चमक उठी घर भर की आँखें ' - इस प्रयोग का मतलब क्या है ?

**खंड 3** **अंक 3**

*कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास*
*कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास*

18. इन पंक्तियों का आशय लिखें।

19. अकाल के क्या- क्या कारण होते हैं ?

*दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद*
*धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद*

20. इन पंक्तियों से कवि क्या कहना चाहते हैं ?

**खंड 4** **अंक 4**

21. कवि ने अकाल का चित्रण किस प्रकार किया ?

22 जल संरक्षण का संदेश देते हुए **पोस्टर** बनाएँ ।

23. कवि ने अकाल के बाद का चित्रण किस प्रकार किया है ? **टिप्पणी** लिखें।

24. कवि और कविता का परिचय देते हुए ' अकाल और उसके बाद' कविता का **आशय** लिखें

24. सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| दाने आए | पाँखें खुजलाईं |
| धुआँ उठा | घर भर की आँखें |
| चमक उठीं | घर के अंदर |
| कौए ने | आँगन से ऊपर |

****************************************

DIET PALAKKAD

# <u>ठाकुर का कुआँ</u>

**खंड- 1** **1 अंक**

1. ' ठाकुर का कुआँ' कहानी का लेखक कौन है?

   ( प्रभात , विनोद कुमार शुक्ल , प्रेमचंद , नरेश सक्सेना)

2. ' ठाकुर का कुआँ' किस विधा की रचना है?

   ( कहानी, कविता, नाटक, लेख)

3. ' ठाकुर का कुआँ' कहानी किस मुख्य समस्या पर आधारित है?

   लड़का- लड़की भेदभाव ज़मींदारी प्रथा

   बालश्रम जातिप्रथा

4. गंगी कब पानी लाती थी?

   ( सुबह- सुबह, शाम को, दोपहर में, रात को)

5. बदबू - का समानार्थी शब्द क्या है?

   ( लोटा , बू, नाक, पानी)

6. ' *खराबी जाती रहती है'*- इसका मतलब क्या है?

   ( खराब हो जाएगा, शुद्ध हो जाएगा, अशुद्ध हो जाना)

7. गाँव में कितने कुएँ हैं?

   ( एक, दो, तीन, चार)

8. गंगी ने जोखू को पानी क्यों नहीं दिया?

   ( जोखू सो रहा था, जोखू को प्यास नहीं थी, घर में पानी नहीं था, पानी में बदबू थी)

9. ' बदनसीब' का अर्थ क्या है-

   ( बदबू, सीमाहीन, भाग्यहीन, दयाहीन)

10. ' धुँधली रोशनी'- में विशेषण शब्द है-

11. ' जैसे हम लौंडियाँ ही तो हैं'- यहाँ किस सामाजिक असमानता के बारे में संकेत है -

    ( जातिपरक असमानता, लिंगपरक असमानता, आर्थिक असमानता)

12. कुएँ पर <u>स्त्रियाँ</u> पानी भरने आई थीं ।- ( स्त्रियाँ के बदले ' जोखू' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।)

DIET PALAKKAD

13 गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई- क्यों?

ठाकुर को देखकर जोखू को देखकर

स्त्रियों को देखकर साहू को देखकर

**खंड - 2** **2 अंक**

14 मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से?- गंगी ऐसा क्यों सोचती है?

15 पानी के खराब होने के क्या- क्या कारण हो सकते हैं?

16 गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी क्यों नहीं ले सकती?

17 घर पहुँचकर गंगी ने क्या दृश्य देखा ?

18 महंगू को किसने मारा ?और क्यों?

19. ठाकुर मैदानी बहादुरी करना अच्छी तरह जानता था। मैदानी बहादुरी क्या है?

**खंड- 3** **3 अंक**

20 ठाकुर का कुँआ पाठ में स्त्रियों के वार्तालाप से आपको तत्कालीन समाज में प्रचलित किस समस्या का संकेत मिलता है ?अपनी राय व्यक्त करें-

21. जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति उन्नत होता है। गंगी के इस विचार का समर्थन करें-

22. ठाकुर का स्वभाव किस प्रकार का है? अपना विचार लिखें-

23 वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें-

( उसकी , उबाल देने से, पानी को)

जाती रहती है।

खराबी जाती रहती है।

\- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - .

\- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

\- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**खंड- 4** **अंक 4/ 5**

24 सूचनाओं के आधार पर ' जातिप्रथा' विषय पर एक टिप्पणी लिखें-

*( सूचना- *पुराने ज़माने की अभिशप्त प्रथा। * जन्म के आधार पर विवेचन।*

**देश के विकास के लिए रुकावट। * जातिप्रथा का विरोध करना हमारा कर्तव्य।)*

DIET PALAKKAD

25. पानी की समस्या दुनिया के सारे देशों में पाई जाती है। पानी का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। इसका प्रचार करने के लिए एक **पोस्टर** तैयार करें-

26. सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| कुप्पी की रोशनी | मौके का इंतज़ार करने लगी। |
| विद्रोही दिल | सारा गाँव पीता है। |
| ऊँच- नीच का भेदभाव | कुएँ पर आ रही थी। |
| गंगी | गलत है। |
| इस कुएँ का पानी | चोटें करने लगा। |

27 कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आई थीं ।इनमें बात हो रही थीं। स्त्रियों के बीच के **वार्तालाप** को आगे बढ़ाएँ।

स्त्री१- क्या बताऊँ दीदी. . . . .

स्त्री २- मेरा भी यही हाल है।

स्त्री १- खाना खाने बैठे और हुक्म हुआ ताज़ा पानी ले आओ।

स्त्री २ . . . . .

28. घर पहुँचकर उसने देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला- गंदा पानी पी रहा है। गंगी की उस दिन की **डायरी** तैयार करें-

29 सूचनाओं के आधार पर गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें-

सूचना- *कहानी का प्रमुख पात्र, पतिप्रेमी, विद्रोही औरत*
*अनपढ़, हिम्मतवाली, आत्मविश्वास रखनेवाली*

30 सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| कंधा देना | कुली देने के लिए हिचकना |
| कलेजा मज़बूत करना | सहायता करना |
| मजूरी देते नानी मरती है | संतृप्त नहीं होना |
| मैदान साफ़ होना | धैर्य रखना |
| मुँह सीधा न होना | सामने कोई नहीं होना |

DIET PALAKKAD

31 ' जातिप्रथा अभिशाप है'- संदेश देने के लिए एक **पोस्टर** बनाएँ-

32. घर आने पर गंगी ने देखा कि जोखू गंदा पानी पी रहा है। इस संबंध में दोनों के बीच क्या- क्या बातें हुई होंगी- **वार्तालाप** को आगे बढ़ाएँ

गंगी - "यह आपने क्या किया. . . . . !"

जोखू - "तुम . . ! पानी मिला क्या?"

गंगी - . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

जोखू - . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

गंगी - . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

जोखू - . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

गंगी - "यह कैसा दुर्भाग्य है. . . . . "

33. सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| एक का पाँच लेनेवाला। | गंगी |
| मैदानी बहादुरी करनेवाला। | जोखू |
| विद्रोही दिल। | साहू |
| बीमारी से परेशान | महँगू |
| महीनों लहू थूकता रहा। | ठाकुर |

सूचना- पाठभाग का वाचन करें और प्रश्न का उत्तर लिखें-

गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी पीने से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी,परन्तु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है।बोली- "यह पानी कैसे पिओगे ?न जाने कौन जानवर मरा है।कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"

जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा - "पानी कहाँ से लाएगी ?"

"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं ,क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ?"

34 प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें-

* * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * * *

DIET PALAKKAD

# हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था

**खंड 1** **अंक 1**

1. ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' नामक कविता पर टिप्पणी किसने लिखी?

    ( नरेश सक्सेना, मोहन राकेश, धर्मवीर भारती )

2. कविता में कवि का कौन - सा मनोभाव प्रकट होता है?

    ( मनुष्यता, प्रेम , क्रोध)

3. ' हम दोनों साथ- साथ चले'- कौन- कौन साथ- साथ चलें?

    ( दोस्त और कवि, व्यक्ति और दोस्त , हताश व्यक्ति और कवि)

4. सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर हमें क्या करना चाहिए?

    ( अनदेखा करना, अपमानित करना, सहायता करना)

5. ' हाथ बढ़ाना' इसका मतलब क्या है?

    ( मदद करना, दुखी होना , प्रसन्न होना )

6. ' हताश व्यक्ति' इसमें विशेषण शब्द कौन- सा है?

7' उसका' में निहित सर्वनाम कौन सा है?

    ( यह, वह, ये, वे)

8. कवि ने यहाँ व्यक्ति के किस भाव को पहचान लिया?

    ( हताशा को, खुशी को, दुख को)

9. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

    क ) व्यक्ति कवि को जानता था ।

    ख) कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था ।

    ग) कवि व्यक्ति को जानता था ।

**खंड 2** **अंक 2**

10. कवि के अनुसार मनुष्य को कैसे जानना चाहिए?

11. ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखें ।

12. <u>हम</u> जानते हैं कि वह व्यक्ति मुसीबत में है ।

    ( ' हम' के बदले ' मैं' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।)

DIET PALAKKAD

13. वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें।

( सड़क पर , घायल)

हमने देखा।

हमने एक व्यक्ति को देखा।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**खंड 3** **अंक 3**

15. नरेश सक्सेना के मत में जानने - पहचानने की हमारी रुढ़ी क्या है?

16. नरेश जी के मत में हमें किसी व्यक्ति की किन- किन बातों को जानना चाहिए?

17. ' जानना' शब्द की लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत हैं?

18. कविता के शिल्प पक्ष पर लेखक के निरीक्षण क्या- क्या हैं?

19. तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

*हताश व्यक्ति को जानने का मतलब है :*

क) उसकी हताशा को जानना।

ख) उसकी जाति को जानना।

ग) उसकी मुसीबत को जानना ।

घ) उसकी असहायता को जानना।

ङ) उसके नाम, पता और उम्र को जानना।

**खंड 3** **अंक 3/ 4**

20. ' जानने' के रूढ़ीग्रस्त आधार ' जानने' के असली आधार क्या- क्या हैं?

21. असहाय मनुष्य की सहायता करना ज़रूरी है ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता के आधार पर **टिप्पणी** लिखें।

22. सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| कवि व्यक्ति की | मदद की जरूरत है । |
| घायल पड़े आदमी को | हताशा को जानते थे । |
| किसीके संकट को नहीं जानते | नहीं जानते थे। |
| कवि व्यक्ति को | हम कुछ नहीं जानते। |

DIET PALAKKAD

# बसंत मेरे गाँव का

**खंड 1** **अंक 1**

1. फूलदेई का त्योहार किस ऋतु में मनाया जाता है ?
   ( शिशिर ऋतु , बसंत ऋतु , वर्षा ऋतु )

2 . सही विकल्प चुनकर लिखें ।
   क . बच्चा फूल चुनती है ।  ख . बच्चा फूल चुनते हैं ।
   ग . बच्चा फूल चुनता है ।  घ . बच्चा फूल चुनते हो ।

3. फूलदेई के त्योहार में बड़ों की भूमिका क्या है?
   ( बच्चों को सलाह देना , बच्चों का स्वागत करना , बच्चों को धन्यवाद देना )

4. बुराँस के फूल पहाड़ों में क्या बिछा देता हैं?
   ( पीलाई , लालिमा , हरियाली )

5 पशुचारक कब अपने घर वापस आते हैं?
   ( ठंड के मौसम में , बसंत में , गर्मी के मौसम में )

6 पशुचारकों की खुशी का क्या कारण है?
   महीनों के बाद घर लौटने के कारण ,  महीनों के बाद दोस्तों से मिलने पर
   सिनेमा देखने पर  पैसा मिलने पर

7 पंचाचूली से चौखंभा तक पहुँचने में सूरज को कितना समय लगता है?
   ( चार महीना , पाँच महीना , सात महीना , तीन महीना )

8. सूरज पंचाचूली से खिसककर नंदा पर्वत तक पहुँचता है तो पहाड़ों में कौन- सा फूल खिलता है?
   ( बुराँस , फ्योंली , गुलाब, कमल )

9. बसंत कौन - सा त्योहार लेकर आता है?
   ( फूलदेई , क्रिसमस , ईद, पोंगल )

10. फूलदेई त्योहार में इकट्ठे किए गए फूलों को कहाँ रखते हैं ?
   ( टोकरियों में , बर्तनों में , प्लास्टिक की बोतल में )

11. फूलदेई त्योहार में जिनके घर फूलों से सजाए जाते हैं वे बच्चों को क्या - क्या देते हैं ?
   ( चावल ,गुड़ और दाल , चीनी, सब्जि और चावल , फूल ,फल और पैसे )

12. फूलदेई त्योहार में बच्चे कितने दिन दक्षिणा इकट्ठा करते हैं ?
   ( इक्कीस ,तैंतीस , ग्यारह )

DIET PALAKKAD

13. फूलदेई त्योहार में बड़ों की क्या भूमिका होती है ?

( सलाह देना , दायित्व संभालना , पैसा देना )

14. बसंत की गुनगुनी धूप में पहाड़ों में कौन- सा फूल खिलता है ?

( बुराँस , प्योंली , गुलाब )

15. किसके दम पर पहाड़ों में लेन- देन चल रहा है?

( आपसी विश्वास , पैसा , दायित्व बोध )

16. बद्रीनाथ और केदारनाथ के मुख्य पुजारी कहाँ से नियुक्त होते हैं?

( दक्षिण , उत्तर , पूर्व )

**खंड 2** **अंक 2/ 3**

17. चैती गीत के विषय क्या - क्या हैं ?कौन चैती गीत गाते हैं?

18. लेखक के गाँव में हडकंपा देनेवाला ठंड कब पड़ता है?

19. ' फूल न मुरझाएँ' , इसके लिए बच्चे क्या करते हैं ?

20 पिरमिड की पूर्ति करें ।

**( खुशी से , गाँव- गाँव में )**

टोलियाँ घूमती हैं ।

बच्चों की टोलियाँ घूमती हैं ।

-------------------------------

------------------------------------------

21. आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ लेन देन चल रहा है ।यहाँ गाँववालों की कौन - सी विशेषता प्रकट होती है?

22. ' जब तक हिमालय रहेगा ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा' ।इसका क्या तात्पर्य है?

**खंड 3** **अंक 4/ 5**

23 उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई को बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार मानते हैं ।क्यों ?

24 हरिद्वार में फूलदेई का त्योहार समाप्त हो ग्या ।इसपर एक **रपट** तैयार करें ।

( सूचना- . फूलों का त्योहार, बच्चों के कई कार्यक्रम, सामूहिक भोज)

25 उत्तराखंड में फूलदेई का त्योहार उत्तराखंड सांस्कृतिक संस्था के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया जा रहा है ।इसकी सूचना देते हुए **पोस्टर** तैयार करें ।

26. लेन - देन के वक्त पशुचारक और गाँववालों के बीच में संभावित **वार्तालाप** तैयार करें ।

DIET PALAKKAD

16. सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| सूरज जब चौखंभा पर्वत के ठीक पीछे से उदय होने लगता है | ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा । |
| पंचाचूली की पाँच चोटियों की ओर से जब सूरज प्रकट होता है। | तब जेठ शुरू हो जाता है । |
| जब तक हिमालय रहेगा | तब हड़कंपा देनेवाली ठंड पड़ती है । |
| सूरज जब चौखंभा के शिखर से उगता है | जेठ की गर्मी चरम पर होती है । |

17. " मनुष्य और प्रकृति के आपसी संबंध " विषय पर एक **पोस्टर** तैयार करें ।

*************************************************

DIET PALAKKAD

# दिशाहीन दिशा

**खंड 1** **अंक 1**

1. मोहन राकेश के मन में किस ओर जाने का आकर्षण लग रहा था ?

( पहाड़ की ओर , समुद्र तट की ओर, जंगल की ओर , प्रकृति की ओर)

2. मोहन राकेश ने पहले कहाँ जाने को सोचा ?

( दिल्ली, मुंबई , गोआ , कन्याकुमारी)

3. पश्चिमी समुद्र- तट पर सबसे सुंदर जगह कौन- सा है ?

( मंगलापुरम, मुंबई, गोआ , कन्याकुमारी)

4. मोहन राकेश को कौन- से समुद्र तट को लेकर सबसे अधिक आत्मीयता महसूस होती थी ?

( मंगलापुरम, मुंबई , गोआ , कन्याकुमारी)

5. बंबई यात्रा के बीच मोहन राकेश को कहाँ उतरना पड़ा ?

( भोपाल, गोआ, मुंबई, शिमला)

6. स्टेशन पर मोहन राकेश को किसने उतारा ?

7. एक के बाद दूसरी , फिर तीसरी. . गज़लें किसने सुनाई ?

8. ' गालिब की चीज़ ' का तात्पर्य क्या है ?

9. ' शायराना' शब्द का मतलब क्या है ?

10. ' स्टेशन पर मुझसे मिलने आया' - " मुझसे " में निहित सर्वनाम क्या है?

**खंड 2** **अंक 2**

11. यात्रा की रूपरेखा में क्या- क्या होना जरूरी हैं ?

12. मोहन राकेश को समुद्र तट के साथ- साथ एक लंबी यात्रा करने में अड़चन क्या थी ?

13. छोटी- सी तंग गली में पैदा हुए लेखक को कन्याकुमारी के विशाल समुद्र तट के प्रति आत्मीयता का अनुभव होने का आधार क्या था ?

14. " मेरी यात्रा का अंतिम पड़ाव कन्याकुमारी हो. . . ।" मोहन राकेश ने ऐसा क्यों सोचा ?

15. मुंबई की यात्रा के बीच मोहन राकेश भोपाल स्टेशन पर क्यों उतरा ?

16. अविनाश ने मोहन राकेश का बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया और सूटकेस लिए नीचे उतर गया ।अविनाश और मोहन राकेश के बीच की मित्रता का क्या अंदाजा मिलता है ?

17. " कितना अच्छा होता अगर इस वक्त हममें से कोई कुछ गा सकता " किसने कहा ? और वे कहाँ थे ?

18. अब्दुल जब्बार के खामोश हो जाने से सारा वातावरण ही बदल गया - मतलब क्या है ?

DIET PALAKKAD

**खंड 3** **अंक 3**

19. गोआ को पश्चिमी समुद्र तट पर सबसे सुंदर जगह क्यों कहते हैं ?

20. सही 3 प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

- अब्दुल जब्बार भोपाल ताल में नाव खेता है।
- अविनाश हिंदी दैनिक का संपादक है।
- मोहन राकेश अपना सूटकेस लिए नीचे उतर गया।
- मोहन राकेश अविनाश के साथ सबेरे भोपाल ताल घूमने गया।
- अब्दुल जब्बार का गला काफी अच्छा था ।

21. पिरमिड की पूर्ति करें

( सारा, खामोश हो जाने से, अब्दुल जब्बार के)

बदल गया ।

वातावरण बदल गया ।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

**खंड 4** **अंक 4**

22. संबंध पहचानकर सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| पश्चिमी समुद्र तट पर | जैसे उनमें फौलाद भरा हो । |
| रात को ग्यारह के बाद | गोआ से सुंदर दूसरी जगह नहीं । |
| माँसपेशियाँ इस तरह हिलतीं | गालिब की गज़ल सुनाने लगा । |
| अविनाश का कोट पहन लिया | भोपाल घूमने निकले । |

23. भोपाल ताल यात्रा और मल्लाह अब्दुल जब्बार की गज़लों के बारे में मोहन राकेश अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है।वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

24 भोपाल ताल सैर के अनुभवों का जिक्र करते हुए मोहन राकेश के उस दिन की **डायरी** लिखें।

25. मोहन राकेश के यात्रा वृत्त ' दिशाहीन दिशा' में बूढ़ा मल्लाह अब्दुल जब्बार का व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली है।संकेतों के अनुसार अब्दुल जब्बार के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें।

- गरीब, *परिश्रमी, *गज़ल गायक, *खुशमिज़ाज, *सादा जीवन बितानेवाला

*****************************************************

DIET PALAKKAD

# बच्चे काम पर जा रहे हैं

**खंड 1** **अंक 1**

1. "बच्चे काम पर जा रहे है" कविता किसने लिखी है?

2. बच्चे काम पर जा रहे हैं - यह समाज की किस समस्या की ओर संकेत करते हैं?

3. विशेषण शब्द चुनकर लिखें।

   ( दीमक, काला, गेंद , खिलौना)

**खंड 2** **अंक 2**

4 बच्चे काम पर क्यों जाते होंगे?

5 " हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है " - ऐसा क्यों कहा गया है?

6. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें

   ( बच्चे, सुबह सुबह )

जा रहे हैं ।

काम पर जा रहे हैं ।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

**खंड 3** **अंक 3**

7 बातों को सवालों की तरह लिखा जाने से क्या फायदा है?

8 ' क्या किसी भूकंप में ढह गई है सारे मदरसों की इमारतें' - इन पंक्तियों द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं?

9 यह कविता किस सामाजिक समस्या पर चर्चा कर रही हैं - अपने शब्दों में लिखें।

**खंड 4** **अंक 4/ 5**

10 बालश्रम को रोको, बच्चों की रक्षा करो - यह संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

11. बालश्रम अन्याय है, उसे रोकना ही पड़ेगा - विषय पर **लघु लेख** लिखें।

12. कवि और कविता का परिचय देते हुए ' बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता के लिए **आस्वादन टिप्पणी** लिखें।

****************************************

DIET PALAKKAD

# गुठली तो पराई है

**खंड- 1** **अंक- 1**

1' गुठली तो पराई है' किस विधा की रचना है ?

( कहानी , कविता , जीवनी , नाटक)

2. ' गुठली तो पराई है' किस सामूहिक समस्या पर आधारित कहानी है ?

( जाति प्रथा, लड़का - लड़की भेदभाव, अकाल की स्थिति, पानी की समस्या)

3. गुठली को किसकी नसीहतें सुननी अच्छी नहीं लगती ?

( माँ की , पिताजी की , बुआ की , भाई की)

4. दीदी की शादी का कार्ड देखकर गुठली क्यों उदास हो गई?

( कार्ड सुंदर नहीं था , कार्ड में गुठली का नाम नहीं था , कार्ड में भाई का नाम नहीं था)

5. गुठली का मुँह उतर गया - ' मुँह उतरना' का मतलब क्या है ?

( शुरू होना , गुस्सा होना , निराश होना, खुश होना)

6. पर ताऊजी उसमें भैया के छोटे से बेटे का भी नाम है | **उसमें** में निहित सर्वनाम और परसर्ग कौन - सा हैं?

हम + में= उसमें तुम + में =उसमें

वह +में= उसमें आप +में =उसमें

7. ' देखिए भइया मेरा नाम कार्ड पर छपवाना भूल गया?''- किसने किससे कहा?

( गुठली ने भइया से , गुठली ने ताऊजी से , गुठली ने बुआ से, गुठली ने माँ से)

8. निहारना का मतवब क्या है?

( देखना , बात करना , लिखना, सोचना)

**खंड- 2** **अंक 2/ 3**

9. ' अरे बेवकूफ, यह घर तो पराया है' ।बुआ गुठली से ऐसे क्यों कहती है?

10. लगा जैसे उसके पैरों के नीचे से ज़मीन खींच ली गई हो ।' पैरों के नीचे से जमीन खींच लेना '- इसका मतलब क्या है?

11 गुठली को बुआ से बात करना क्यों पसंद नहीं है?

**खंड- 3** **अंक 4/ 5**

12 लिंगपरक असमानता के विरुद्ध एक **पोस्टर** तैयार करें-

DIET PALAKKAD

13 सब कुछ कितना ऊटपटाँग है ।देर रात तक यही सब सोचती रही गुठली। गुठली की **डायरी** कल्पना करके लिखें-

14 गुठली अपने मन की बातें सहेली को बताना चाहती है। लिखें सहेली के नाम गुठली का **पत्र-**

15 गुठली को उदास देख गले लगाकर माँ बोली, "बेटा बुआ की बात का बुरा मत मान" । इस संदर्भ में माँ और गुठली के बीच का **वार्तालाप** कल्पना करके लिखें-

माँ- क्या हुआ गुठली ,तू उदास क्यों है ?

गुठली - बुआ कहती है यह घर मेरा नहीं है। तू भी ऐसा मानती है न?

माँ- . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

गुठली - . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

16 गुठली की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखिए-

17 वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें-

( गुठली को , बड़ी बुआ से)

पसंद नहीं।

बात करना पसंद नहीं।

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**पाठभाग का वाचन करें और नीचे के प्रश्न का उत्तर लिखें-**

इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए।गुठली बड़ी उत्सुक थी। जैसे- तैसे पूजा - पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। वह ताऊजी के पास जाकर बोली, "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं रे. . . अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली "पर ताऊजी ,उसमें भइया के छोटे- से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल नहीं सकता तो मेरा. . . . " "तो क्या हुआ? तेरा नाम तेरे अपने कार्ड में छपेगा यहाँ नहीं. . . अब चल भाग यहाँ से"

18. प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का दृश्य लिखें-

*************************************************

DIET PALAKKAD

**INTERBELL MODEL QUESTION PAPER,MARCH 2022**
**DIET-PALAKKAD**
**HINDI**

TIME :90 MINUTES MARK:40

---

खंड (क)

**सूचना- 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें-** **4X1=4**

**1.** **'** टूटा पहिया' कविता में दुरूह चक्रव्यूह किसका प्रतीक है?

क) लघुमानव ख) अधर्म के विरोधी ग) जीवन समस्याएँ घ) शक्ति

2. बेला और साहिल बीरबहूटियाँ कहाँ ढूँढ़ते हैं?

क) सड़क पर ख) मैदान में ग) स्कूल में घ) खेत में

**3.** चार्ली गीत - - - - - - - - - - - - - - ।

क) गाने लगे ख) गाना लगा ग) गाने लगी घ) गाने लगा

4. गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई- क्यों?

क) ठाकुर को देखकर ख) स्त्रियों को देखकर

ग) अंधेरे से डरकर घ) जोखू को देखकर

5. अकाल के बाद- - - - - - - - - - - - - - -

क) चूल्हा और चक्की उदास हैं। ख) घर में दाने आए।

ग) चूहा भूख से तड़पने लगा। घ) घरवाले दुखी हो गए।

6. सही वाक्य चुनकर लिखें-

क) बेला की मन खराब हो गया। ख) बेला का मन खराब हो गया।

ग) बेला का मन खराब हो गाई। ग) बेला के मन खराब हो गई।

**सूचना- 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें-** **3X1=3**

7. **तपता सूरज** - में ' तपता' शब्द क्या है?

( संज्ञा , विशेषण , क्रिया , सर्वनाम)

8. उन्हें=- - - - - सही विकल्प चुनकर लिखें-

क) वह+के ख) वे+को ग) वह+को घ) ये+के

9. ' गुठली तो पराई है' कहानी में चर्चित समस्या क्या है?

क) बालश्रम ख) लिंगपरक असमानता ग) पानी की समस्या घ) आर्थिक समस्या



DIET PALAKKAD

## खंड ( ख)

**सूचना- प्रश्न का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें-** **1X2=2**


10. मोहल्ले की शादी में भी मोरपाल नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म पहनकर जाता था । इससे उसके जीवन के बारे में क्या मालूम होता है?

**सूचना- 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें-** **1X2=2**

11. बच्चे काम पर जाते हैं। यह तो दुनिया के हरेक कोने में हम देख सकते हैं। बच्चे क्यों काम करने जाते हैं?

**12. पिरामिड की पूर्ति करें-**

( गुठली को , बड़ी बुआ से)




## खंड ( ग)

**13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें-** **3x3=9**

13. गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी क्यों नहीं ले सकती?

14. चार्ली ने स्टेज पर क्या - क्या किए?

15. तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें-

क) बेला और साहिल खेतों में बीरबहूटियाँ खोजते हैं।

ख) साहिल अगले साल पढ़ने के लिए अमृतसर चला जाएगा।

ग) बेला जानती थी कि साहिल की नजरों में वह अच्छी लड़की है।

घ) सुरेश मास्टर ने बेला के बालों पर पंजा फँसाया।

ङ) पेड़ से नीचे गिरकर साहिल घायल हो गया।

16. ' टूटा पहिया' कविता में प्रयुक्त प्रतीकों के बारे में अपने शब्दों में लिखें-



DIET PALAKKAD

**नीचे दिए पाठांश का वाचन करें और प्रश्न का उत्तर लिखें-** **1x3=3**

सूरज पंचाचूली से खिसककर जब नंदा पर्वत तक पहुँचता है तो पहाड़ों में फ्योंली के पीले फूल खिलने लगते हैं। पहाड़ी ढलानों पर खूबसूरती से कटे सीढ़ीनुमा खेतों में गेहूँ की हरियाली के बीच सरसों की पीलाई पसर जाती है। बसंत बौराने लगता है।

17. लेखक ने उत्तराखंड के खेतों के बारे में क्या कहा है?

## खंड (घ)

**सूचना- 18 से 21 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें-** **2x4=8**

18. मान लें, हिंदी मंच के नेतृत्व में जनवरी 10 को आपके विद्यालय में चैप्लिन फिल्म ' दि सरकस' का प्रदर्शन होनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें-

**' अकाल और उसके बाद' कवितांश का वाचन करें और नीचे के प्रश्न का उत्तर लिखें-**

*दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद*
*धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद*
*चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद*
*कौए ने खुजलाईं पाँखें कई दिनों के बाद।*

19. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत पंक्तियों का **आशय** लिखें-

20. सूचनाओं के आधार पर ' जातिप्रथा अभिशाप है' विषय पर एक **टिप्पणी** लिखें-

* पुराने ज़माने की अभिशप्त प्रथा। * जन्म के आधार पर विवेचन।
* देश के विकास के लिए रुकावट। * विरोध करना हमारा दायित्व।

**सूचना- ' आई एम कलाम के बहाने' पाठभाग का वाचन करें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें-**

मैं स्कूल की नीली - खाकी यूनीफॉर्म से हमेशा चिढ़ा करता और उसे पहनना हमेशा टाला करता। वही मोरपाल मुझे जब भी दिखा हमेशा वही स्कूल की नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म पहने ही दिखा।एक बार तो मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली- खाकी यूनीफ़ॉर्म पहने देख मैं हैरान रह गया था।

21. मोहल्ले की किसी शादी में मोरपाल को स्कूली वर्दी में देखकर मिहिर हैरान रह गया। यह बात वह अपनी डायरी में लिखता है। मिहिर की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखें-



DIET PALAKKAD

**सूचना- 22 और 23 में से किसी एक का उत्तर लिखें-** **1x4=4**

22. ' दिशाहीन दिशा' का अब्दुल जब्बार का व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली है। नीचे दिए इन संकेतों के आधार पर बूढ़े मल्लाह के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें-

* गरीब * परिश्रमी * खुशमिज़ाज * विनयशील
* सादा जीवन बितानेवाला * आच्छा गायक * गज़ल प्रेमी

**सूचना- 'बसंत मेरे गाँव का' पाठभाग का वाचन करें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें-**

इन गाँवों से इनका सदियों का रिश्ता हैं, इसीलिए उसी वक्त पूरी कीमत चुकाना ज़रूरी नहीं होता। बर्फीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात हैं कि नकद - उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं होते। आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ लेन - देन चल रहा है।

23. उत्तराखंड के पशुचारकों की खबर "आपसी विश्वास के मिसाल" नाम पर अखबार में छपकर आई है। वह **समाचार** तैयार करें-

सूचना- सदियों से लेन- देन । पूरी कीमत बाद में चुकाते हैं।
आंकड़े कहीं दर्ज नहीं करते। आपसी विश्वास के दम पर ।

**खंड ( ङ)**

**सूचना- 24 और 25 प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें-** **1x5=5**

**' बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें-**

पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने केलिए दोनों दूकान पहुँचे। "एक पैन स्याही भर दो" । साहिल से पहले ही बेला ने दुकानदार से कहा। "बेटा स्याही की बोतल अभी- अभी खाली हो गई है। अब तो कल ही मिल पाएगी" । "लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया' । बेला बोली। "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए" । दुकानवाले भैया ने कहा और पुछा "कौन- सी में पढ़ते हो ?''

24. इस संदर्भ के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें-

25. सही मिलान करें-

| | |
|---|---|
| चूल्हा और चक्की | घर में दाने आए। |
| अकाल में | चूल्हा और चक्की के पास सोई है |
| अकाल के बाद | सारी जीवंत और निर्जीव वस्तुएँ दुखी हो जाती है। |
| घर भर की आँखें | दुखी है। |
| कानी कुतिया | चमकने लगीं । |



DIET PALAKKAD

**INTERBELL MODEL QUESTION PAPER,MARCH 2022**

**DIET- PALAKKAD**

**HINDI**

TIME :90 MINUTES                                                                                    MARK:40

---

**सूचना- 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें-**                                  **4X1=4**

1. सुरेंदर  माटसाब क्या सिखाते थे?

   ( हिंदी, अंग्रेज़ी, गणित, विज्ञान)

2. सच्चाई को किसका आश्रय लेना पड़ता है ?

   ( रथ का, टूटे पहिए का, चक्रव्यूह का, अभिमन्यु का)

3. मैनेजर ने क्यों चार्ली को स्टेज पर लाने की ज़िद की?

   चार्ली एक शो मैन था।          चार्ली अच्छा गायक था।

   चार्ली को अभिनय करते देखा था।          चार्ली छोटा बच्चा था।

4. ठाकुर और साहू के कुएँ से गंगी क्यों पानी नहीं ले सकती थी ?

   कुआँ दूर था।          कुएँ में जानवर मरा पड़ा था ।

   गंगी गरीब थी ।          गंगी निम्न जाति की स्त्री थी।

5. सही विकल्प चुनकर लिखिए

   माँ गीत गाना लगा ।          माँ गीत गाने लगी ।

   माँ गीत गानी लगी ।          माँ  गीत गाना लगी।

6. ' वाहवाही करना'  का मतलब क्या है ?

   प्रशंसा करना,   याद करना,     बदलना,        पसंद करना

DIET PALAKKAD

**सूचना - 7 से 9 तक के तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें-**                                  **3x1=3**

7. शादी के कार्ड पर गुठली का नाम किसने लिख दिया ?

   ( बुआ , माँ ,     फूफा ,  ताऊ)

8. रहने के लिए सबसे अच्छी जगह कौन - सी है ?

   ( कोचिन, आलेप्पी,मंगलूर ,कण्णूर)

9. बुरांस का रंग कौन सा है

   ( पीला ,लाल,   सफेद,  बैंगनी)

**सूचना - उत्तर लिखें -** **1x2=2**


10. साहिल की पिंडली में गहरी चोट कैसे हुई?

**सूचना - 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें-** **1x2=2**

11. उत्तराखंड के हिमालई अंचल में फूलदेई को बच्चों का बड़ा त्योहार मानते हैं, क्यों?

12. पिरमिड की पूर्ति करें -

( वापस , ठंड के मौसम में, अपने)




**सूचना - 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्ही तीन का उत्तर लिखें-** **3x3=9**

13. ' बाकी निन्यानवे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में हैं ' । लेखक ने ऐसा क्यों कहा है?

14. सही मिलान करें -

| | |
|---|---|
| चक्की | रो रहा था |
| कानी कुतिया | उदास रही थी |
| चूल्हा | सो रही थी |

15. चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखरी बार - इसका मतलब क्या है?

16. उचित परसर्ग से वाक्य की पूर्ति करें

( का, के, की )

पानी . . . . . . बूँदें

साहिल . . . . . . आँसू

बीरबहूटी . . . . रंग

DIET PALAKKAD

**सूचना - उत्तर लिखें** **1x3=3**

17. ' जानना' शब्द का कवि की व्याख्या क्या है?

**सूचना- 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्ही दो का उत्तर लिखें-** **2x4=8**

18. मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली - खाकी यूनिफॉर्म पहने देख मैं हैरान रह गया । इस घटना का जिक्र करते हुए मिहिर की **डायरी** लिखें-

19. साहिल और बेला अच्छे दोस्त थे । उनकी दोस्ती का एक प्रसंग लिखें-

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े- बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहे
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ !

20. इन पंक्तियों का **आशय** लिखें-

**सूचना - 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें** **1x4=4**

21. बालश्रम के विरुद्ध **पोस्टर** तैयार करें-

22. फूलदेई त्योहार के बारे में बताते हुए अपने मित्र के नाम पर एक **पत्र** लिखें-

**सूचना- 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें** **1x5=5**

23. पाँचवीं का रिजल्ट आ गया । दोनों छठी में आ गए । वह स्कूल पाँचवीं तक ही था । इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें-

24. गंगी ने घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला- गंदा पानी पी रहा है। इस प्रसंग पर दोनों के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें-

DIET PALAKKAD

**INTERBELL SSLC MODEL EXAMINATION, MARCH 2022**
**DIET- PALAKKAD**

**HINDI**
**Third Language**

Time : 90 minutes — Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें , मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें
- सूचनाओं को ध्यान से पढें और उत्तर लिखें ।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
- 1 से 24 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं ।

## भाग- 1

**अ) सूचना - 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें।** **( 4x1 =4)**

1. बेला और साहिल दुकान क्यों गए ?
   - पैन में स्याही भरवाने के लिए — कलम खरीदने के लिए
   - किताब खरीदने के लिए — मिठाई खरीदने के लिए

2. ' टूटा पहिया' किसका प्रतीक है ?

   ( महारथी, लघुमानव, महामानव, समस्याएँ)

3. ' आई एम कलाम' फ़िल्म का नायक कौन है ?

   ( अमिताभ, कलाम , रणविजय, मिहिर )

4. सही वाक्य चुनकर लिखें।

   लोग चिल्लाने लगा — लोग चिल्लाने लगे

   लोग चिल्लाने लगी — लोग चिल्लाना लगे)

5. कानी कुतिया कहाँ सोई हुई थी ?

   ( घर के अंदर, चूल्हा और चक्की के पास, आँगन में, पेड़ के नीचे)

6. यहाँ किसके दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से की गई है?

   ( जोखू के, ठाकुर के, साहू के, गंगी के)

**आ) सूचना - 7 से 9 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें।** **( 3x1 =3)**

7. फूलदेई का त्योहार किस ऋतु में मनाया जाता है ?

   ( वर्षा, गर्मी, वसंत, शरत)

DIET PALAKKAD

8. गुठली के घर में किसकी शादी थी ?

( दीदी की, बुआ की, ताई की, भाई की)

9. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।

व्यक्ति कवि को जानता था ।　　　　कवि व्यक्ति को जानता था ।

कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था ।　　　　कवि व्यक्ति का नाम जानता था ।

## भाग- 2

**अ) सूचना - नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें**　　　　( 1x2=2)

10. इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया । क्यों ?

**आ) सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें ।**　　　　( 1x2=2)

11. ' मनुष्य को मनुष्य की तरह जानना ' इस प्रयोग से क्या तात्पर्य है ?

12. कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरमिड की पूर्ति करें ।

( खिड़की से, अविनाश ने)

बाहर फेंक दिया ।

बिस्तर लपेटकर बाहर फेंक दिया ।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . ।

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . ।

## भाग- 3

**सूचना अ) सूचना - 13 से 16 तक के प्रश्नों में से सभी 3 के उत्तर लिखें ।**　　　　( 3x3=9)

मैं

रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ

लेकिन मुझे फेंको मत!

क्या जाने; कब

इस दुरूह चक्रव्यूह में

अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ

कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाए!

13. इस कवितांश का आशय लिखें ।

14. ' यह बारिशों से पहले की बारिश का एक दिन था ।' कहानी के प्रसंग में यह कैसे सार्थक होता है?

DIET PALAKKAD

15. ‘ हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला- बदली का ।‘- इस तरह की अदला- बदली से हम क्या समझ सकते हैं?

16. " शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। " यहाँ ठाकुर के दरवाज़ों की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है ?

**आ) सूचना - नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें** (1x3=3)

17. समाज लड़कियों को दूसरों की अमानत मानता है ।इसपर अपना विचार प्रकट करें ।

**भाग- 4**

**अ) सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें।** (2x4=8)

18 मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा, और माँ बहुत डर गई। इस प्रसंग पर मैनेजर और चार्ली की माँ के बीच की **बातचीत** लिखें।

19. गंगी के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें।

20. निम्नलिखित सूचनाओं से अकाल से संबंधित सूचनाएँ चुनकर लिखें।

- घर के अंदर दाने का आना।
- भीत पर छिपकलियों का गश्त।
- चूल्हे का रोना।
- आँगन के ऊपर धुएँ का उठना।
- चक्की का उदास रहना।
- शिकस्त हालत वाले चूहे।

**आ) सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 का उत्तर लिखें।** (1x4=4)

21. बचपन से वंचित कई बच्चे हैं। उनकी मदद करना हमारी भी ज़िम्मेदारी है। बालश्रम के विरुद्ध एक **पोस्टर** तैयार करें।

22. मल्लाह का संगीत अविनाश के कानों में देर तक गूँजता रहा ।यात्रा के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए उसने डायरी लिखी। अविनाश की **डायरी** कल्पना करके लिखें ।

**भाग- 5**

**अ) सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 का उत्तर लिखें।** (1x5=5)

23. कलाम तय करता है कि अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। अपनी **चिट्ठी** में कलाम ने क्या - क्या बातें लिखी होंगी ? कल्पना करके लिखें।

DIET PALAKKAD

**सूचना- बीरबहूटी कहानी का अंश पढ़ें और निम्नांकित प्रश्न का उत्तर लिखिए।**

उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था। सो वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। कस्बे से सटे इन खेतों में बीरबहूटियाँ खोजा करते थे। सुर्ख, मुलायम, गदबदी बीरबहूटियाँ। धरती पर चलती- फिरती खून की प्यारी- प्यारी बूँदें।

24. प्रस्तुत संदर्भ के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें।

*******************************************

DIET PALAKKAD